Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 11-11-2022 अंक 397

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मवेशी के चपेट में आने से महिला घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के छोटकी केवाल निवासी लखिया देवी को मवेशी ने अपने चपेट में ले लिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बाइक से गिरकर युवक हुआ घायल, रेफर



बरही हजारीबाग रोड में स्थित युवराज रेस्टोरेंट के नजदीक एक युवक बाइक से गिरकर घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक का नाम सुशांत शेखर उम्र 37 वर्ष पिता काशी नाथ रावत हजारीबाग निवासी है। सुशांत शेखर वीवो केयर में स्टाफ के रूप ने काम करते है। वहीं बरही से अपना काम निपटाकर हजारीबाग वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में वह बाइक से गिरकर घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### पुलिस ने छापेमारी कर अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जप्त किया मामला दर्ज



बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने गुप्त सूचना पर अवैध कोयला करोबार मामले को लेकर छापेमारी कर हरली पुल के समीप ढ़ाई टन अवैध कोयला लदा ब्लू रंग का ट्रैक्टर जप्त किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि छापामारी में अंधेरे का लाभ उठाकर ट्रैक्टर चालक फरार हो गया । ट्रैक्टर मालिक एवं खदान संचालक के ऊपर मामला दर्ज किया गया है।

APEM LIVE

# भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के विरोध में भाजपा का आक्रोश रैली व सभा, उमड़ा जन सैलाब

## जनता परेशान है, शासक और प्रशासक लूटने में व्यस्त है, सरकार आपके द्वार केवल खानापूर्ति : मनोज यादव



आक्रोश रैली मे शामिल लोग



आक्रोश सभा को संबोधित करते पूर्व विधायक मनोज यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

प्रदेश भाजपा के आह्वान पर बरही भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष मनोज साव व मुन्ना यादव, एसी मोर्चा अध्यक्ष नागेश्व रजक, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रितेश केशरी के अगुवाई में भाजपा का आक्रोश रैली सह आक्रोश सभा का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर बरही में हुई। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज यादव एवं कार्यक्रम प्रभारी भैया अभिमन्यु, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव , जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद रहे। हजारों की संख्या में पहले भाजपाई कांग्रेस कार्यालय में इकठ्ठा हुए । उसके बाद रैली के शक्ल में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धनबाद रोड बरही होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में आक्रोश सभा में तब्दील हो गया। जनता परेशान है, शासक और प्रशासक लूटने में व्यस्त है रू मनोज यादव आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पूरे राज्य में हेमन्त सरकार भ्रस्टाचार में संलिप्त है। हेमन्त सरकार ने बरही में भी लूटने के लिए एक दलाल छोड़ दिया है। स्थानीय विधायक के संरक्षण में बरही सीओ व बीडीओ बिना कमीशन का कोई कार्य नही करता। प्रखण्ड व अंचल कार्यालयों में दलालों का बोलबाला है। सांसद जयन्त सिन्हा के अनुसंशित योजना को अपना योजना बतलाते फिर रहा है। कहा विधायक अपने आप को गरीब कहता फिर रहा है, फिर राँची में करोड़ो का फ्लाइट और जमीन कहाँ से खरीदा, और तो और बेटा, बाप और सभी परिवार सदस्यों को घूमने के लिए अलग अलग गाड़ी कहाँ से आया। बरही विधायक के लापरवाही के कारण कई जरूरतमंद पीएम आवास से वंचित है। बरही विधायक ने अपने कुकर्मो से बरही को शर्मशार करने का कार्य किया है।

घोटालेबाज है हेमन्त सरकार, भ्रस्टाचार में है संलिप्त : भैया अभिमन्यु कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी भैया अभिमन्यु ने कहा कि हेमन्त सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल है हेमन्त सरकार में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है, महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। घोटालेबाजे है हेमन्त सरकार, हर विभाग में भ. स्टाचार ही भ्रस्टाचार है। कार्यक्रम को जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव ने भी झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्य प्रिती गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, चौपारण जीप सदस्य राकेश रंजन, जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, विहिप नेता गुरुदेव गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया मंगलदेव यादव, शमशेर आलम, मोतीलाल चौधरी, नारायण यादव, रामचन्द्र टुड्डू, मुखिया प्रति. निधि खीरू यादव, सकलदेव यादव, विशेश्वर यादव, राजन यादव, भाजपा नेता शैलेन्द्र सिन्हा, टे. कलाल यादव, सुरेंद्र रजक, प्रमेश्वर यादव, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार, युवा नेता मोनू यादव, सुधीर यादव, अशोक यादव, युगल यादव, ब्रहदेव यादव, दीनानाथ प्रसाद, ज्योतिष यादव, रामकुमार प्रसाद, रवि यादव, बिनोद यादव, रितेश गुप्ता, उमेश यादव, पिन्टू ठाकुर, छोटू सिंह, कार्तिक भगत, इमरान खान, बबलू केशरी, सिक्की यादव, गुलाब साव, गगन निषाद, बिरेन्द्र रविदास, सचिन यादव, अमीत साव, मनोज राणा रामचन्द्र यादव, मनोज साव, समिति सदस्य सुजीत कुमार, मनीलाल यादव, सहदेव प्रसाद सहित हजारों की संख्या मौजूद रहे।

# धनवार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 823 आवेदन में 351 का हुआ निष्पादन

## 150 जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण, सखी मंडल को 6 लाख का ऋण वितरण




परिसंपति का वितरण करते अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि



**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को धनवार पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में शिविर का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू एवं मुखिया रा. जेंद्र प्रसाद कुशवाहा एवं मुखिया प्रतिनिधि ममता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। इस शिविर में कुल 823 आवेदन जमा किया गया एवं 351 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। साथ ही बाकी शेष बचे आवेदनों को जांच के लिए अग्रत्तर कर दिया गया है। वहीं शिविर में 150 जरूरतमंद लोगों के कंबल वितरण किया गया। साथ ही नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 02 योजना का चयन किया गया । फूलो झानो योजना के तहत मंगरी देवी को दस हजार एवं सुरजी देवी को बीस हजार रुपए का सहयोग राशि दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 03 सखी मंडल के बीच 6 लाख रूपया का ऋण वितरण किया गया। मनरेगा के तहत डोभा निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र दिया गया। जिसका निर्माण 4,95,000 के लागत से किया जाएगा। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं एसडीओ पूनम कुजूर ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को रू बरु कराई। साथ ही शिविर में की गई व्यवस्था देखकर अधिकारी खुश हो गए। जिसको लेकर अधिकारियों ने मुखिया रा. जेंद्र प्रसाद कुशवाहा को काफी सराहा। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सी. आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप. पो, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि ममता देवी, पंसस सदस्या संतोषी देवी, उपमुखिया दामोदर कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कांग्रेस पार्टी की करियातपुर पंचायत में बैठक सम्पन्न, अर्जुन पंडित बनें अध्यक्ष व रामकुमार दास सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनू पंडित**



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत शुक्रवार को बरही प्रखण्ड के करियातपुर पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सब. सम्मति से अर्जुन पंडित को करियातपुर पंचायत का अध्यक्ष व रामकुमार दास को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्घ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को आजादी की लड़ाई के दौरान जान गवानी पड़ी थी। गांधी जी, पं. नेहरू, सरदार पटेल जैसे दिग्गज नेताओं को जेल जाना पड़ा था। देश की आजादी से लेकर नव निर्माण तक कांग्रेस का योगदान सर्वाधिक रहा है। विकास का जो खाका आज दिखाई दे रहा है। वह कांग्रेसियों के बलबूते ही तैयार हुआ है। पार्टी इन्ही विचारों को लेकर आज बढ़ रही है। मौके पर मुखिया मनोज कुमार, पिंकू केसरी, सीताराम रविदास, दिनेश कुमार दास, मंटू दास, शुभम केसरी, मोहम्मद आसिफ, राजेंद्र जयसवाल, होली पांडे, सुनील कुमार, विजय प्रसाद केसरी, दीपेश कुमार दास, दीपू केसरी, नकुल रविदास, शशि भूषण दास, मंटू रजक, अर्जुन प्रजापति, मनोज कुमार, राम कुमार दास, अनीता देवी, विक्रम शर्मा, रमजान मियां, गणेश कुमार, लकी कुमार, सुमित श्रीवास्तव, नितेश केसरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डिवाइन स्कूल में शिक्षा दिवस पर सेमिनार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गगंपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति, चुनौतियां और संभावनाओं पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन सह गोष्टी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आइपी भारती व प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि प्राचीनकाल से ही हर शिक्षा नीति से कुछ न कुछ बेहतर हासिल हुआ है।इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भी शिक्षा के क्षेत्र के बदलाव में अपार संभावनाएं हैं।विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि मौलाना आजाद के जीवन से हमें यह सीखना चाहिए कि हमें जीवन में कभी भी हताश नहीं होना चाहिए।साथ ही यह भी कहा कि इस बार का राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का थीम है कोर्स बदलना शिक्षा को बदलना है। शिक्षक राना तेजस्वी ने कहा कि वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के हिसाब से शिक्षा व्यवस्था को बदलने की कितनी जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चुनौतियां और संभावनाओं पर वादविवाद प्रतियोगिता में रितेश प्रजापति, चंदन यादव, प्रदीप कुमार, कृष्णा पंडित, विनित कुमार, सानिया कुमारी, भूमिका कुमारी, सिम्पी कुमारी, अस्मिता मोदी, मुस्कान खातुन, रूही खातुन, साहिना परविन, सिमरन यादव, कृष कुमार, गणेश कुमार ने भाग लिया।निर्णायक मंडल में मुख्य भूमिका मनोहर सिंह, राना तेजस्वी तथा संजय साहा थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार यादव, रविन्द्र गुप्ता, कुलदीप पासवान, अविशेष कौशल, अनिल उपाध्याय, विमल किशोर अजय कुमार मंडल, सुलेखा मोदी, संगिता यादव का योगदान सराहनीय रहा।

## हेमंत सोरेन के नाकामियों,भ्रष्टाचार व कानून व्यवस्था चौपट

### जनविकास मुद्दों को लेकर प्रखंड मुख्यालय परिसर में झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपा सतगावां मंडल ने विरोध प्रदर्शन किया

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां प्रखंड कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने झारखंड सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए विरोध प्रदर्शन किया है जिसका मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग से चलकर आये जिला प्रभारी के रूप में टुन्नू गोप,जिला महामंत्री अनूप जोशी व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी मुख्य रूप से उपस्थित थे वहीं हेमंत सरकार द्वारा राज्य में बढ़ती भ्रष्टाचार, अराज. कता,राज्य के खनिज संपदाओं के लूट,गिरती विधि व्यवस्था,महिला उत्पीडन सहित अन्य मुद्दों को लेकर आज जयशंकर प्रसाद के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन।इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा जिला प्रभारी टुन्नू गोप ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन के नेता कहते है कि हेमंत है तो हिम्मत है मैने कहा बिल्कुल सही कहते है हेमंत है तो कोयला लूटने की हिम्मत है, हेमंत है तो बालू लूटने की हिम्मत है ,हेमंत है तो पत्थर लूटने की हिम्मत है ,हेमंत है तो राज्य की महिलाओं की हत्या करने की हिम्मत है, इस सरकार में 100 फीट भी पीसीसी सड़क तक कही नही बना है, ये सरकार तो केवल लूटने में व्यस्त है,हेमंत जी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है वो किस लिए ,सरकार आपके द्वार आकर कह रही है कि कोयला चोरी करो खनिज संपदा चोरी करो यही कहने के लिए आ रही है। विधि व्यवस्था इतनी कम. जोर हो गई है कि कोयला चोर खुले आम पुलिस प्रशासन के सामने गोली बम चला रही है वहीं जिला महामंत्री अनूप जोशी ने कहा कि जब से झारखंड सरकार बनी है तब से झारखंड की कानून विधि व्यवस्था चरमरा गई है महिलाओं की सुरक्षा की बात हो या युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है जन विकास के कार्य की गति बहुत धीमी हो गई है किसानों के ऋण माफी को लेकर सरकार ने कुछ नहीं किया हर तरफ लूट मची हुई है प्राकृतिक संसाधनों का लूट मचा हुआ है केवल ट्रांसफर पो. स्टिंग का काम चल रहा है प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है और अपने आप को ठगा महसूस कर रही है साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की मंत्री के मानसिक संत. ुलन बिगड़ चुका है मंत्री अपने बयानों में भाजपा के कार्यकर्ताओं को पटक पटक कर मारने की बात कह रहे हैं तो हम भी सभी भाजपा कार्यकर्ता ये बता देना चाहते हैं कि भाजपा कार्यकर्ता आपसे कम नहीं है आकर हमें पटके हम भी ईट का जवाब पत्थर से देंगे वहीँ मौके पर भाजपा मंडल के अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद के नेतृव में बीडीओ सह अंचलाधिकारी बैधनाथ उरांव को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज चौधरी,विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव, मनोज भगत,बबलू सिंह, कंचन कुमारी,दुर्गा राय, कमलनयन कुमार, दीपेश अग्रवाल,पूर्व मुखिया कांती देवी,नरेश यादव,पिंटू सिंह, रामस्वरूप यादव, मुन्ना यादव,अनिल सिंह, पुरुषोत्तम सिंह,केदार यादव, नरेश राय, प्रदीप यादव,प्रीतम कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में शामिल थे

## भाजपा के आक्रोश रैली व सभा से दूर रहे है बरही के पुराने भाजपाई, कार्यक्रम में नही हुए शामिल

### भाजपा में अध्यक्षीय प्रणाली होने के बाद भी बिना अध्यक्ष के ही लिए जाते हैं निर्णय : अमित साहू

**अपेम लाइव : बरही**





अमित साहू एवं गणेश यादव

प्रदेश भाजपा के आह्वान पर झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी शासन के खिलाफ झारखंड के प्रत्येक प्रखंड में आक्रोश रैली एवं सभा की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी भाजपा नेता व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के अगुवाई में आक्रोश रैली एवं जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में भाजपाई शामिल हुए। लेकिन हैरत की बात है की इतने बड़े कार्यक्रम में बरही प्रखंड के प्रखंड स्तरीय से लेकर राज्य स्तर के कई भाजपाई दूर रहे है। यानी इस कार्यक्रम के शामिल नही हुए। भाजपा में अध्यक्षीय प्रणाली है। लेकिन इतने बड़े कार्यक्रम में न तो बरही प्रखंड के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ही कार्यक्रम में शामिल हुए और न ही बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव ही कार्यक्रम में शिरकत किए। इससे पता चलता है की भाजपा में भी अंदर खाने सब कुछ ठीक ठाक नही है। भाजपा भी गुटबंदी चरम पर है। भाजपा का कार्यक्रम होने के बाद भी प्रदेश नेता एवं सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल नही हुए। इसके आलावे वरिष्ठ भाजपा नेता मंडल प्रभारी उदयभान नारायण सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका सिंह, संजीव कटरियार, जितेंद्र गिरी, संजय सिन्हा, प्रमोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय सहित प्रखंड कमेटी के कई पदाधिकारी कार्यक्रम में नही दिखे। मंडल अध्यक्ष अमित साहू से पूछे जाने पर बताया की हम तो बाहर हैं। लेकिन भाजपा में अध्यक्षीय प्रणाली होने के बाद भी बिना अध्यक्ष की अनुमति के ही कार्यक्रम कर दिए जाते है। कई निर्णय बिना उनकी अनुमति के ही ले लिए जाते हैं, जो भाजपा के नीति सिद्धांत के लहजे में सही नही है। वही सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा की कुछ लोग भाजपा के नीति एवं सिद्धांत के परवाह किए बिना कार्यक्रम आयोजित करते हैं। पुराने एवं समर्पित भाजपाइयों को तरजीह नही दी जाती है। किसी तरह के निर्णय अध्यक्ष के द्वारा आयोजित बैठक में ही लिया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नही हो रहा है। यही वजह है की इस कार्यक्रम के प्रति कई पुराने एवं समर्पित भाजपाई रुचि नही लिए। शीर्ष नेतृत्व को इस मामले में गंभीरता से विचार कर संगठन मजबूती के लिए पहल करनी चाहिए।

HOTEL
आकाश पैलेस
Contact No.:
9122662308
6299699176
AC/Non AC, Rest & Marriage Hall
सागर टेन्ट हाउस

JHNH
Reg. 2036000613
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
हमारे यहाँ सभी प्रकार का इलाज एवं सामान्य प्रसव (नार्मल डिलेवरी)एवं ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है

24/7 Emergency Services
NH-2 लस्करी मोड़, रसोइया धमना, बरही,
नियर- लोक नायक फैमिली रेस्टोरेंट- 825405
7903856586
9931874590

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भाजपा का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन






**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा : प्रखंड मुख्यालय परिसर में भाजपा के द्वारा झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कि गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक व संचालन बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी सांवरमल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता,जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, राजेश गुप्ता, उदयभान सिंह, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, सुशील पाण्डेय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया गया। जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में लुट खसोट जारी है। झारखंड सरकार की मुखिया खुद आए दिन भ्रष्टाचार में संलिप्त है। हेमंत सोरेन को ईडी बुला रही है लेकिन सरकार डर से नहीं जा रहीं हैं। वहीं सांवरमल ने कहा कि सरकार के अधिकांश विधायक के यहां काफी संख्या में मोटी रकम बरामद किया जा रहा है। लोगों ने आने वाले समय में हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। मकुन्द साव ने कहा कि रघुवर दास के समय में 181डायल करने पर अधिकारी डरते थे लेकिन हेमंत सोरेन 181बंद कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। वहीं राज्यपाल के नाम 22 सूत्री मांगों को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बरकट्ठा को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद,मो खलील अंसारी, केदार साव, महामंत्री इंद्रदेव प्रसाद यादव,अनिल आजाद, कुलदीप पाण्डेय, राजकुमार मंडल, मुरलीधर मेहता,रतन पासवान,नरायण प्रसाद, संतोष यादव, राजेश प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, विजय पासवान, जीवन यादव, महेंद्र प्रसाद, राजकुमार यादव, शंकर दयाल, दिलीप प्रसाद छट्ठु प्रसाद समेत लोग शामिल थे।

## विष्णुगढ़ के चेड़रा पैक्स में गेहूं बीज वितरण का किया गया उद्घाटन

### चार रुपये प्रति किलो अनुदानित दर पर किसानों को मिल रहा गेहूं बीज

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



चेड़रा पैक्स में गेंहू बीज वितरण का उद्घाटन करती जिप सदस्य

विष्णुगढ़ प्रखंड के चेड़रा पैक्स में शुक्रवार को सरकार द्वारा अनुदानित दर पर गेहूं बीज वितरण का उद्घाटन किया गया। पश्चिमी क्षेत्र जिप सदस्य दीपिका कुमारी ने मध्य क्षेत्र जिप सदस्य शेख तैयब, प्रमुख जैबुन निशा, मुखिया निर्मल कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर वितरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद प्रखंड के कई किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण किया गया। पैक्स अध्यक्ष कमरुद्दीन खान ने बताया कि इस वर्ष सरकार ने सुखाड़ को देखते हुए बहुत ही कम अनुदानित दर मात्र चार रुपये प्रति किलो पर किसानों के लिए उत्तम क्वालिटी का हाइब्रिड नस्ल का गेहूं बीज उपलब्ध कराया है। जिससे गेहूं की अच्छी पैदावार होगी। गेहूं प्राप्त करने के लिए किसानों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। रजिस्टर्ड किसान ही गेहूं बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा विष्णुगढ़ पैक्स में भी गेहूं बीज का वितरण किया जा रहा है। मौके पर शमशुल हक, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल, मो. बेलाल अंसारी, आफताब आलम, साबिर शेख, जोधा महतो, जयबीर प्रसाद बर्मन समेत कई किसान मौजूद थे।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी का सतगावां दौरा, सुधार के लिये दिया एक माह का समय

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां प्रखण्ड में शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल का सतगावां का दौरा हुआ । सतगावां में विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण किये जिसके दौरान कई दिशा निर्देश दिए ।उत्क्रमित उच्च विद्यालय राजावर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने सचिव को निर्देश दिया की विद्यालय भवन में जो भी त्रुटियां है उसे एक महीने के अंदर पूरा करें वहीं शौचालय में गेट नही लगा था जिसको लेकर उन्होंने अविलम्ब गेट लगाने को कहा ।जांच के क्रम में उन्होंने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर भी फटकार लगाए और कहा की भोजन की गुणवत्ता में किसी तरह की समझौता ठीक नही है सभी बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन देना अनिवार्य है ।वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय दोनैया में निरीक्षण के दौरान वहां चल रहे प्रोजेक्ट इम्पैक्ट कार्यक्रम पर प्रसन्नता जाहिर की जबकि विद्यालय में स्वच्छता पर भी खुशी जाहिर की ।उन्होंने सभी शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व प्रोजेक्ट इम्पैक्ट पर चर्चा की और सभी को अच्छे से कार्य करने की निर्देश दिए ।वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण भी किया गया जहां उन्होंने सभी शिक्षिका सह वार्डेन को सुधार को लेकर कई दिशा निर्देश दिये।

## यामाहा रेय जेड आर 125 सी सी की स्कूटी की नई फीचर्स ग्राहकों को कर रही आकर्षित

### अपने जीवन की सुरक्षा को देखते हुए हेलमेट को बोझ नहीं समझना चाहिए : रोहित सिंह

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : यामाहा रेय जेड आर 125 सी सी की स्कूटी नई फीचर्स व उनके खूबसूरत डिजाइन लोगों को काफी आकर्षित कर रही है। यह स्कूटी में ब्लुटूथ कनेक्टिंग, मोबाइल जी पी एस ट्रैकिंग सहित अन्य कई ऐसे फीचर्स ऐसे हैं जो ग्राहकों को अपने ओर काफी आकर्षित कर रही है। जिसे गुरुवार को बड़कागांव के स्वर्गीय उपेंद्र नाथ मालाकार की पुत्री अपूर्वा मालाकार (तन्नू) की माँ पम्मी कुमारी ने उन्हें जन्मदिन के उपलक्ष्य में उन्हें उपहार के रूप में यामाहा रेय जेड आर 125 सी सी की स्कूटी दिया। जिस अवसर पर यामाहा शोरुम के संचालक रोहित सिंह ने तन्नू मालाकार को निशुल्क हेलमेट भी गिफ्ट किया है। मौके पर शिव शक्ति यामाहा शोरुम के संचालक रोहित सिंह ने बतलाया कि लोग अपने सिर पर हेलमेट जरूर लगाए। हेलमेट बोझ नही हमसब की सुरक्षा की दाता है। अपने जीवन की सुरक्षा को देखते हुए हेलमेट को बोझ नहीं समझना चाहिए। साथ ही दोपहिया वाहन से बाहर जाते समय हेलमेट लगाकर ही निकलना चाहिए। सड़क पर रोड क्र०स करने से पहले आसपास के वाहन देख कर चलाना चाहिए और लाइन से नहीं भटकना चाहिए। सड़क सुरक्षा को देखते हुए मैं ग्राहकों को निशुल्क हेलमेट दीया करता हूं।




## 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं ओबीसी आरक्षण बढ़ने की खुशी में बरही चौक पर आतिशबाजी

### झारखंड सरकार ने ऐतिहासिक फैसले कर जनता का दिल जीता : बिनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक पर खुशी का इजहार करते कांग्रेसी

झारखंड के हेमंत सरकार के द्वारा शुक्रवार को झारखंड विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर 1932 के खतियान पर स्थानीय नीति और ओबीसी समेत अनुस. ूचित जाति और जनजाति का आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने का वर्षों पुरानी मांग को विधानसभा सत्र में पास कर दिया गया। झारखंड प्रदेश की हेमंत सोरेन नेतृत्व वाली सरकार के इस फैसले को बरही के कांग्रेसियों ने ऐतिहासिक करार देते हुए कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बरही चौक पर जमकर आतिशबाजी करते हुए मिठाईयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस ऐतिहासिक क्षण के मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष सह विधायक प्रति. निधि सुनील साहू, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वासुदेव यादव, कुणाल कतरियार, उपाध्यक्ष जमुना यादव, तौकीर रजा, रंजीत निषाद ,शरीफुल हक , मुकेश निषाद, सतीश निषाद ,मिथिलेश उपाध्याय ,मोहम्मद वारिस, मनोज राम ,सुशील केसरी उर्फ नुनु सहित कई लोग मौजूद रहे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आजसू पाटह्न ने प्रमंडलीय सम्मेलन को लेकर तैयारी को लेकर बैठक की

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बैठक में शामिल लोग

आजसू पार्टी के प्रखंड कमिटी की बैठक बड़कागांव प्रखंड आवासीय कार्यालय मे कि गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस ने किया। बैठक में आगामी नवंबर और दिसंबर माह में होने वाले सम्मेलन एवं धरना प्रदर्शन पर मुख्य रूप से चर्चा किया गया। 17 नवंबर को निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण के लेकर जिला मुख्यालय में 24 नवंबर को आजसू पार्टी के ट्रेड यूनियन की सम्मेलन बेरमो मे,साथ ही आजसू पार्टी के महिला मोर्चा की प्रमंडलीय सम्मेलन 4 दिसंबर को बिष्णुगढ़ के कोनार डैम में होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य संदीप कुमार कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज कुमार दांगी, अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष तुलेश्वर राम, जुगेश्वर सिंह, विनोद राम, तारकेश्वर महतो, कमलेश कुमार कसेरा, जुगेश्वर महतो, अजीत कुमार मेहता, खेमलाल महतो, जावेद हुसैन, सुरेश कुमार दांगी, रमेश तुरी , वासुदेव कुमार, भोला चौधरी, के अलावा अन्य आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विधायक को ज्ञापन सौंपते शिक्षक प्रतिनिधिमंडल

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की विष्णुगढ़ इकाई के शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल दूसरे चरण के आंदोलन के तहत अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से अनुरोध किया कि संघ की मांगों को लेकर विधानसभा में आवाज उठाएं। विधायक ने आश्वस्त किया कि उनकी मांगें जायज हैं। उनकी मांगों को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। संघ की मांगों में छठे पुनरीक्षित वेतनमान की विसंगतियों को दूर करने, झारखंड के शिक्षकों को एमएसीपी देने, अंतरजिला स्थानांतरित करने तथा गैर शैक्षणिक कार्य से शिक्षकों को मुक्त करना शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में शिक्षक चिंतामणि प्रसाद, शंकर प्रसाद बरनवाल, ज्ञानमबुद्ध, शंभु प्रसाद, उमेश कुमार, अशोक राम, पुहुपलाल महतो, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार पाठक समेत अन्य शिक्षक शामिल थे।

## पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने ई-पोस एवं वजन माप तौल मशीन का शुभारंभ किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



शुभारंभ करते पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम

बड़कागांव : चेपाकला पंचायत के ग्राम जुगरा में जन वितरण प्रणाली दुकान में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम के द्वारा ने इ -पोस मशीन ,और कंप्यूटर इलेक्ट्रoनिक्स वजन मशीन का शुभार्रभ किया गया । जिसमें सभी लाभुको को निर्धारित सरकारी मात्रा में अनाज चावल और गेंहू दिया जायेगा । इस संबंध में डीलर राजेंद्र प्रसाद ने विस्तार रूप उपस्थित लोगों को जानकारी दिया गया। पंसस संचार एवम संकर्म के अध्यक्ष कृष्ण राम ने कहा कि आप ग्रामीण कार्ड धारी सरकार के योजना एवम निर्धारित दर से राशन का लाभ ले । अगर कोई परेशानी या समस्या होती है ,तो सीधे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन से मिले । मौके पर कृष्ण राम, राजेंद्र प्रसाद,तापेश्वर साव जुगेशर राम , गौंधौरी गझु, कामेश्वर कुमार दास, अमरजीत रविदास ,मगर साव , राजू साव, दिनेश कुमार,धनेशर साव, के अलावा अन्य राशन कार्ड धारी उपस्थित थे ।

## विष्णुगढ़ के अलपिटो तथा गैड़ा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का आयोजन

### शिविर में सबसे अधिक किशोरी समृद्धि योजना के पहुंच रहे आवेदक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के गैड़ा में आयोजित शिविर में लाभुक को कंबल देते जनप्रतिनिधि

विष्णुगढ़ प्रखंड में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के दो शिविर का आयोजन किया गया। पूर्वाह्न में अलपिटो पंचायत भवन फिर दोपहर बाद गैड़ा पुराना पंचायत भवन परिसर में शिविर लगा। दोनों शिविरों का उद्घाटन प्रमुख जैबुन निशा, जिप सदस्य शेख तैयब, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव समेत संबंधित पंचायत के मुखिया आशा देवी, सुमिता देवी एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। दोनों शिविरों में सबसे अधिक सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों की भीड़ रही। गैड़ा पंचायत में 145 तो अलपिटो पंचायत में भी 145 किशोरियों ने आवेदन दिया। राज्य सरकार की यह लाभकारी योजना किशोरियों को काफी आकर्षित कर रही है। सिर्फ यहीं नहीं, प्रखंड के हरेक पंचायत में लग रहे शिविरों में इस योजना के लिए अधिक आवेदक पहुंच रहे हैं। इस योजना की तुलना में अन्य योजनाओं पर कम आवेदक हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन, हरा राशन कार्ड, राशन में नाम जोड़ने-हटाने के मामले पहुंच रहे हैं। सरकार की अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं में काफी कम आवेदक हैं।

## विष्णुगढ़ में भाजपा का विरोध प्रदर्शन शनिवार को

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

झारखंड सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, भय व भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा तय कार्यक्रम के तहत विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल मुख्यालय के समक्ष शनिवार को एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन करेगी। बतौर प्रभारी मांडू विस सदस्य जयप्रकाश भाई पटेल शामिल होंगे। विरोध प्रदर्शन के पूर्व रमुवां दुर्गा मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं का जुटान होगा। वहां से जुलूस निकालकर प्रखंड सह अंचल समेत अन्य सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों पर धरना दिया जाएगा। मंडल अध्यक्ष केबी मंडल ने कहा कि विरोध प्रदर्शन की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। प्रखंड के नवादा, बनासो, चेड़रा, बेड़ा हरियारा, चानो, नागी, कुसुम्भा, भेलवारा, खरना, गोविन्दपुर समेत सभी पंचायतों में इसके लिए प्रचार-प्रसार किया गया है। कार्यकर्ता भी इसे लेकर उत्साहित हैं।

## स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु डीसी को स्मार पत्र च्टड द्वारा सौंपा गया

**अपेम लाइव : पेलावल**



दिनांक 8/11/22 को सांकेतिक धरना पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन के बगल में स्थित अधूरे स्वास्थ्य केंद्र को पूरा कराने हेतु किया गया था। इस धरने में लगभग 200 ग्रामीणों के हस्ताक्षर अभियान की प्रति भी स्मार पत्र के साथ आज डीसी महोदया से मिलकर सौंपा गया। इस बाबत डीसी ने जानकारी ली कि किस विभाग द्वारा यह भवन का निर्माण हुआ। तब च्टड के प्रतिनिधिमंडल जिसमें समाजसेवी डूझ हीरा लाल साहा, एम.हक भारती तथा तनवीर अहमद से उन्हें जानकारी दी गई कि यह निर्माण कार्य जिला परिषद द्वारा कराया गया है। डीसी महोदया ने संज्ञान लिया और आशा है कि इस पर जल्द कार्रवाई होगी। इस काम के लिए निम्नलिखित च्टड के सदस्यगण आसिफ अली,तारिक अनवर, राजू राईन उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही इकाई की बैठक, कमरा आवंटन की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही इकाई की बैठक रतनेश्वर प्रसाद केशरी की अध्क्षयता में अब्दुल कलाम पार्क में संपन्न हुई । बैठक में सभी पेंशनरों को सूचित किया गया की सभी पेंशनर इस माह में अपना जीवन प्रमाण पत्र अपने अपने बैंक में 30 नवंबर 2022 के पूर्व जमा कर दे। मौके पर पेंशनर कार्यालय के लिए एक कमरा आवंटित कराने के लिए बरही के बीडीओ एवम सीओ को जो आवेदन पत्र दिया गया था द्य उस पर कोई सकरात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। निर्णय लिया गया की संगठन के पदा. धिकारी पुनः उनसे मिलकर आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुरोध करेंगें। पेंशनर कार्यालय का भवन टूट जाने के कारण कुर्सी टेबल अन्यत्र रखा हुआ है। जिसे श्री रुखरियार जी मंगवाकर अपने घर में रखवा लेने का निर्णय लिया गया। इस माह में बैठक में उप. स्थित सदस्यों की संख्या में कुछ हद तक संतोष जनक बृद्धि हुई हैद्य अतरू सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया की हर एक बैठक में भाग लेने के साथ अपने आस-पास के पेंशनर को लाने का प्रयास करेंद्य बैठक में रत्नेश्वर प्रसाद केशरी , अब्दुल सतार अंसारी , बी के शर्मा , बा. लेश्वर प्रसाद , नारायण रविदास , त्रिपुरारी पांडेय , सहदेव सिंह , सुशील कुमार गुप्ता , मुरली मनोहर प्रसाद , राजेंद्र प्रसाद रुखरियार उपस्थित हुए ।

## बिजली चोरी को लेकर दस लोगो पर मामला दर्ज

**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चला गया। विभाग के कनीय अभियंता उज्जवल तिवारी ने 10 लोगों पर बिजली चोरी को लेकर सतगावां थाने में शुक्रवार को आवेदन दिया है।जिसमें खुट्टा पंचायत के योगीडीह निवासी भोला प्रसाद पिता ढुलू महतो, रा. जकुमार प्रसाद यादव पिता बिशो महतो, द्वारिका साहू पिता खीरु साव,दिल कुमार पिता बंगाली मुसहर, विनोद मुसहर पिता महावीर मुसहर हीरा प्रसाद यादव पिता श्यामजीत यादव बालदेव प्रसाद यादव पिता विशु महतो,विपुल कुमार पिता शिव कुमार यादव,सुमन कुमार पिता शिवालय प्रसाद यादव इन सभी कलीडीह निवासी इस सभी लोगों पर विधुत चोरी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार